तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

गेवरा स्टेडियम में गरबा उत्सव 2.0 की धूम, एमो फाउंडेशन ने किया आयोजन



खबर संक्षेप

आईटीआई रामपुर में युवा उड़ान कार्यक्रम आज

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 'युवा उड़ान 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को साइबर सुरक्षा और करियर काउंसलिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। यह कार्यक्रम 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार आईटीआई रामपुर में आयोजित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, आम नागरिकों तथा विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता अपेक्षित है। युवा आयोग एवं जिला प्रशासन ने युवाओं और नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

संभाग स्तरीय परामर्श बैठक 28 को

कोरबा। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और इसका प्रारूप तैयार करने के संबंध में 28 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे से देवकी नंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में संभाग स्तरीय समूह चर्चा एवं परामर्श बैठक आयोजित की गई है। राज्य शासन द्वारा गठित समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में विभिन्न संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों से विचार एवं सुझाव लिए जाएंगे। बैठक में बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों के प्रमुखों के साथ शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित नागरिकों, विशिष्ट नागरिकों, गणमान्य नागरिकों तथा निगम, मंडल एवं आयोगों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

12 नवंबर को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूची

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में जिले में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दर्ज कराई जा सकेंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। नागरिक प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम और विवरण जांचें। नाम जुड़वाने, दर्ज नाम पर दावा-आपत्ति करने, विवरण में सुधार या निवास स्थान परिवर्तन के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन ऑनलाइन मतदाता सेवा पोर्टल या ईसीआईनेट ऐप के जरिए भी किए जा सकते हैं।

एसईसीएल ने किया 100 मिलियन टन डिस्पैच

कोरबा। एसईसीएल ने कोयला डिस्पैच के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन टन का आंकड़ा पार कर लिया है। एसईसीएल ने कुल 100.06 मिलियन टन कोयले का डिस्पैच किया है। एसईसीएल के आंकड़ों के अनुसार कुल कोयला डिस्पैच में रेल मार्ग की हिस्सेदारी 44.62 मिलियन टन रही। सड़क मार्ग से 39.30 मिलियन टन कोयले का डिस्पैच किया गया, जबकि अन्य माध्यमों से 16.14 मिलियन टन कोयला भेजा गया। इन तीनों माध्यमों से कुल डिस्पैच 100.06 मिलियन टन दर्ज किया गया।

फसल का डिजिटल सर्वे करने खेतों में पहुंच रहे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीवी ऐप से फसल का डिजिटल सर्वे का विरोध कर पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के बाद प्रशासन ने तहसीलदारों को बुधवार से मैदान में उतार दिया है। शासन हर हालत में पीवी ऐप से फसल सर्वे पर अड़ गया है, पटवारियों की हड़ताल से निपटने के पहले राजस्व निरीक्षकों पर दबाव बनाया उनके द्वारा इंकार किये जाने के बाद कृषि विस्तार अधिकारियों को इस काम पर लगाने का निर्णय लिया गया लेकिन उनके द्वारा राजस्व और जमीन संबधित तकनीकी जानकारी नहीं होने का हवाला देकर पीवी ऐप से सर्व नहीं किया गया। इसके बाद जिला प्रशासन बुधवार से सभी तहसीलदरों को सर्वे के कार्य पर लगा दिया गया है। जिले के 12 तहसील के तहसीलदार बुधवार को सर्वे के लिए ग्रामीण अंचल के खेतों पर उतर गए हैं। उनके द्वारा पूर्व से सर्वे कार्य में लगे सर्वेयर को साथ लेकर सर्वे की जानकारी ली जा रही है। लगातार आ रही दिक्कतों के बाद प्रशासन ने अब तहसीलदारों को ही सर्वे की कमान सौंप दी है। बुधवार को तहसीलदार ग्रामीण अंचलों के खेतों में पहुंचे और पहले से सर्वे कर रहे सर्वेयरों को साथ लेकर पीवी ऐप से सर्वे की प्रक्रिया को समझा। उनके द्वारा सर्वे कार्य की जानकारी लेने के साथ मैदानी स्तर पर ⏭ शेष पेज 3 पर

पटवारियों की चल रही है हड़ताल

खास बातें

- पीवी ऐप से सर्वे करने का पटवारी कर रहे हैं विरोध
- राजस्व निरीक्षकों पर बनाया गया प्रशासनिक भी नहीं आया काम



त्यौहार मे भी नहीं मिली राशि

फसल के डिजिटक सर्वे के लिए जिन सर्वेयर को काम पर लगाया गया है उन्हें दहशरा जैसे त्यौहार मे भी भुगतान नहीं हुआ इसकी वजह से सर्वेयर भी सर्वे काम से पीछे हटते नजर आ रहे है। बुधवार के दिन सर्वे मे नहीं पहुंचने वाले सर्वेयर को बुलाया गया।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के मुड़ापार रावण दहन के समीप हुई हादसा

दशहरा के दिन डीजे में नाचने के दौरान हुआ विवाद, युवक की हत्या



हत्या के आरोपियों का सिर मुंडवाकर जेल ले जाती पुलिस।



घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दशहरा के दिन डीजे में नाचने की बात को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया और देखते ही देखते विवाद ने विकराल रुप ले लिया और एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात मुड़ापार बस्ती में रावण दहन के पूर्व घटित हुई। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद छापामारी कार्यवाही कर हत्या वारदात में शामिल एक नाबालिक सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

खास बात

- वारदात के कुछ घंटे बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



मृत युवक।

घटना मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के मुड़ापार बाजार स्थित दशहरा मैदान की है। मंगलवार रात यहां रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मैदान में बड़ी संख्या में लोग रावण दहन देखने के लिए मौजूद थे। इसी दौरान मंच के समीप डीजे बज रहा था और डीजे में दर्जनों युवक नाच रहे थे। डीजे में नाचने के दौरान युवकों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक गुट के युवकों ने कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी निवासी राहुल कुमार उर्फ गोल्डन उम्र 19 साल पिता शेषनाथ पासी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में राहुल की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों की तलाश में रातभर सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये आरोपियों में मुड़ापार निवासी विजय चौहान पिता फिरतरात चौहान उम्र 19 साल, आश्मित ऊर्फ बिट्टू पिता मंतोष चौहान, दीवाकर चौहान ऊर्फ सिप्पू चौहान उम्र 18 साल पिता विजय चौहान व एक नाबालिक युवक शामिल है। गिरफ्तार चारो युवकों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

सिर मुंडवाकर निकाला गया जुलूस

रावण दहन स्थल से शुरु हुआ विवाद हत्या तक पहुंच गया। हत्या के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी की टीम मुड़ापार में डेरा डाले रही। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर मृतक राहुल के शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों में से तीन आरोपियों का सिर मुंडवाकर जुलूस निकाला गया।

ढाबा व मिठाई दुकान में खाद्य विभाग का छापा, लिए गए सैंपल



खाद्य सामानों की जांच व सैंपल कलेक्ट करता खाद्य विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली पर्व को देखते हुए व आम जनता के स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में ताबड़तोड़ निरीक्षण और कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में नूनेरा पाली और मुड़पार क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर नमूने (सैंपल) लिए गए और नियमों की अनदेखी करने पर एक प्रतिष्ठान का क्रय-विक्रय बंद कराया गया है।

खास बात

- दीपावली से पहले खाद्य विभाग ने की नुनेरा, पाली व मुड़पार में कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान टीम ने नूनेरा पाली स्थित पंजाब रंगीला ढाबा का निरीक्षण किया। यहां खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए चावल और आटा का आधिकारिक नमूना (सैंपल) लिया गया है, जिसे परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसके पश्चात टीम ने कोरबा के मुड़पार स्थित दीपक स्वीट्स एंड डेयरी का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान फर्म में कई गंभीर खामियां पाई गईं हैं जिनमें फर्म के भीतर हाइजीन (स्वच्छता) की व्यवस्था बिल्कुल पर्याप्त नहीं पाई गई। फर्म द्वारा वाटर टेस्ट रिपोर्ट (जल परीक्षण रिपोर्ट) और काम करने वाले कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट (चिकित्सा प्रमाण पत्र) प्रस्तुत नहीं किए गए। अनियमितताओं और खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए टीम ने ⏭ शेष पेज 3 पर

सिंदूर खेला...



कोरबा। दुर्गा पूजा उत्सव समिति अमरैय्यापारा वार्ड क्रमांक 14 में माता दुर्गा के प्रतिमा के विसर्जन के पहले महिलाओं ने खेला सिंदूर।

2 सौ के नकली नोट खपा रहे नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दशहरा मेले की रौनक के बीच बाजार में नकली नोट चलाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने 2सौ रुपये के नकली नोट खपाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी के बहाने नकली नोट चला रहे थे। एक दुकानदार की सतर्कता से उनके इस खेल का खुलासा हुआ।

पुलिस के मुताबिक कार्रवाई आरपी नगर फेस-1 इलाके में की गई। आरोपी खिलौने बेचने और ठेला लगाने की आड़ में मेले में खरीदारी करने पहुंचे लोगों और दुकानदारों के बीच नकली नोट खपाने में जुटे थे। सामान खरीदने के बदले वे 2 सौ रुपये के नकली नोट थमा रहे थे। आरोपी भीड़भाड़ वाले मेले का फायदा उठाकर अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे थे। इसी दौरान एक दुकानदार को 2 सौ रुपये के नोट की बनावट पर संदेह हुआ। उसने बिना शोर मचाए सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी साधारण कागज पर 2 सौ रुपये के नोट की छपाई कर रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 सौ रुपये के 15 नकली नोट बरामद किए हैं, जिनकी कुल अंकित कीमत 3 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार गिरोह में मानसनगर निवासी अभिषेक पिता पप्पू शर्मा 24 साल का नकली नोट छापने का काम करता था, जबकि दूसरा आरोपी इन नोटों को बाजार और मेले में चलाने की जिम्मेदारी संभालता था। एएसपी लखन पटले ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

खास बात

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दशहरा मेला में खपा रहे थे



दीपावली से पहले रोजी-रोटी की चिंता

ग्रीन जोन के नाम पर कपड़ा कारोबारियों को हटाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी एसईसीएल बाईपास रोड के किनारे कपड़ा व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को ग्रीन जोन विकसित करने के नाम पर हटाए जाने के बाद अब उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा होने की आशंका है। दशहरा पर्व को देखते हुए इन व्यवसायियों को बुधवारी बाजार स्थित सर्कस मैदान में अस्थायी रूप से दुकानें लगाने की अनुमति दी गई थी। दशहरा समाप्त होने के बाद मैदान खाली होने के बावजूद अब उन्हें आनंद बाजार में शिफ्ट करने की बात सामने आई है।



कार्रवाई करती निगम की टीम।

व्यवसायियों का कहना है कि प्रस्तावित स्थल पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वहीं दीपावली के लिए बड़ी रकम लगाकर कपड़ों की खरीदारी करने के बाद बार-बार स्थान बदलने की स्थिति से उन्हें आर्थिक नुकसान होने का डर सता रहा है।

व्यवसायियों के मुताबिक बुधवारी एसईसीएल बाईपास रोड के किनारे संचालित उनकी दुकानों को हटाए जाने के बाद दशहरा पर्व के दौरान कारोबार जारी रखने के लिए उन्होंने बुधवारी बाजार स्थित सर्कस मैदान में दुकानें लगाने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद उन्हें त्योहार तक अस्थायी रूप से दुकानें संचालित करने की अनुमति दी गई थी। व्यवसायियों का कहना है कि दशहरा पर्व समाप्त हो चुका है और सर्कस मैदान भी खाली हो गया है। इसके बावजूद उन्हें वहां दुकानें संचालित करने देने के बजाय आनंद बाजार में स्थानांतरित करने की बात कही जा रही है। इससे दुकानदारों के ⏭ शेष पेज 3 पर

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में

उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ

लिवर, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच, एंडोस्कोपी तथा विशेषज्ञ उपचार अब एक ही छत के नीचे।

- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी पैंक्रियाज़ रोग का इलाज

प्रमुख सर्जरी

- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्त की थैली की पथरी
- हर्निया का लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी
- आंतों की रुकावट का उपचार
- पेट एवं आंतों के ट्यूमर की सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पेट की आपातकालीन सर्जरी
- पेट की गांठ एवं सूजन का उपचार



- अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
- आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
- सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
- लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL

SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013

Tertiary Care - Super Speciality Hospital

NABH Accredited Hospital

Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU

FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850

Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS

खबर संक्षेप

बुजुर्ग महिला के गले से सोने का लाकेट चोरी

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल के पास दर्शन करने आई बुजुर्ग महिला के गले से सोने का लाकेट चोरी कर लिया गया। पुलिस शिकायत पर जांच कर रही है। मंगला निवासी गौरव कुमार साहू ने बताया, तखतपुर विजयपुर से उनकी दादा जेठूराम साहू, दादी मैत्रिन बाई साहू उनके घर आए थे। 20 अक्टूबर की रात वे अपने दादा दादी को शहर में दुर्गा प्रतिमा दिखाने के लिए निकले थे। रात 9.30 बजे मध्यनगरी चौक में दुर्गा पंडाल में दर्शन कर रहे थे। इसी दौरान उनकी दादी के गले से सोने की लाकेट चोरी कर ली गई। जानकारी होने पर उन्हें दुर्गा पंडाल में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो एक महिला लगातार उनकी दादी के आगे पीछे होते नजर आ रही है। गौरव ने घटना की लिखित शिकायत कोतवाली थाने में की है।



शादी का झांसा देने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। महिला से अनाचार कर शादी करने का झांसा देकर 22 लाख रुपए वसूलने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला पति की मृत्यु के बाद 3 बच्चों के साथ रह रही है। वर्ष 2025 में पूर्व परिचित पामगढ़ धनगांव निवासी मनोज कुमार यादव पिता पुनीराम यादव 30 साल उनके संपर्क में आया। मनोज यादव महिला व उसके तीनों बच्चों को अपनाने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद पामगढ़ में मकान खरीदने व अन्य बहाने बनाकर महिला से बीमा व बैंक खातों में जमा कुल 22 लाख वसूल लिया था। उसके बाद शादी से इनकार कर मोबाइल बंद कर लिया था। पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर आरोपी के पतासाजी में जुटी हुई थी। 21 अक्टूबर को पुलिस ने फरार आरोपी मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

युवक से मारपीट कर नकद रकम व मोबाइल की लूट

बिलासपुर। युवक से मारपीट कर नकद रकम व मोबाइल लूट लिया गया है। पुलिस लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी रामप्रकाश पाण्डेय व्यापार विहार की दुकान में काम करता है। 20 अक्टूबर को दुकान में अपने मजदूरी की 3 हजार रुपए लेकर घर जा रहा था। तिफरा ब्रिज के नीचे मिनीबस्ती निवासी काला पात्रे अपने साथियों के साथ उसे रोककर मारपीट कर 3 हजार रुपए व मोबाइल लूटकर भाग गया। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर काला पात्रे व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

आपरेशन प्रहार के फरार 11 स्थाई वारंटी पकड़ाए

बिलासपुर। आपरेशन प्रहार के तहत सीपत पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 11 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। सीपत पुलिस के अनुसार इसमें इंद्रपाल वर्मा भिल्मी, शुभम भोई जांजी, कृष्णा सूर्यवंशी भाडी, छहुरा यादव कौवाताल, अमित वर्मा भिल्मी, उस्मान खान लुतरा, छतलाल सूर्यवंशी पंधी, विक्रांत मिश्रा पंधी, शिनोद कुमार यादव प्रगतिनगर सीपत, मणी वर्मा पंधी, करण सूर्यवंशी टेकर निवासी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है।

दस्तावेजों में नाम और उम्र में त्रुटि को लेकर भी गड़बड़ियां सामने आ रही **स्टूडेंट्स व पालकों को आधार सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं**

42 हजार छात्रों की अपार आईडी दो साल बाद भी नहीं बन सकी, जन्मतिथि और आधार में अंतर बड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 57 हजार स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी बनाए जाने हैं, लेकिन करीब दो साल बाद भी 25 प्रतिशत छात्रों की आईडी नहीं बनी है। जिले में भी 41 हजार 719 छात्रों की आईडी नहीं बन सकी है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं होना है। छात्रों के दस्तावेजों में नाम और उम्र में त्रुटि को लेकर भी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। स्कूलों से यह भी जानकारी मिल रही है कि अधिकांश छात्रों की जन्मतिथि दस्तावेजों में कुछ और है लेकिन आधार में इसे एक जुलाई बता दिया गया है। इसी अंतर के कारण सबसे अधिक परेशानी आ रही है। फिलहाल अपार कार्ड आईडी जनरेट कराने में यू-डाइस व स्कूल रिकॉर्ड मैच नहीं होने से स्टूडेंट्स व पालकों को आधार सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बिलासपुर जिले में ही कुल 4 लाख 3047 छात्रों की आईडी बनाई जानी है लेकिन देरी हो रही है।

अधिकारियों के मुताबिक आईडी जनरेट होने में 10 मिनट का समय लगता है। रिकॉर्ड समान नहीं होने की स्थिति में आधार को अपडेट करवाना ज्यादा मुश्किल हो



जाता है। इसके साथ ही स्कूलों में यू-डाइस डाटा मैच नहीं होने की सबसे बड़ी वजह आधार कार्ड में गलतियों को ही बताया जा रहा है। ऐसे में कैफे संचालकों के पास जाने पर उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है। पालकों का कहना है कि अगर डेट ऑफ बर्थ गलत है और उसे सुधारना है तो कैफे संचालक पहले तो आधार को अपडेट करवाते हैं और बाद में डेट ऑफ बर्थ सुधारते हैं। ऐसे में एक महीने का समय तो ऐसे ही लग जाता है। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए स्कूलों में कैंप नहीं लगाए जाने की वजह से प्रभावित स्टूडेंट्स को आधार केंद्र जाकर अपना आधार अपडेट कराना पड़ रहा है।

कई छात्रों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रक्रिया में कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अपार आईडी कार्ड बनाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड होना जरूरी है और इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। इसके कारण छात्रों के स्थानांतरण में भी परेशानी हो रही है, क्योंकि एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश के समय उनका परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन) सक्रिय नहीं हो पाता।

बोर्ड परीक्षा के लिए अनिवार्य अपार

इधर ध्यान रहे कि सीबीएसई समेत अन्य एजुकेशन स्टेट बोर्ड्स ने 9वीं से 12वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स के लिए अपार आईडी को अनिवार्य कर दिया है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि अपार आईडी के बिना 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जा सकेगा।

अपार नहीं बनने के प्रमुख कारण

- छात्र का नाम, जन्मतिथि और लिंग, आधार कार्ड और यूडाइस पोर्टल (स्कूल के रिकॉर्ड) में बिल्कुल एक जैसे होने चाहिए। इनमें मामूली अंतर होने पर भी आईडी जनरेट नहीं होती।
- कई मामलों में बच्चों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक या फिंगरप्रिंट अपडेट न होने या फोटो पुरानी होने के कारण ई-केवाईसी पूरी नहीं हो पाती है।
- एक ही मोबाइल नंबर का उपयोग कई छात्रों की प्रोफाइल में करने पर सिस्टम उसे सीमित कर देता है, जिससे नया नंबर या ओटीपी सत्यापित नहीं होता।
- छात्र के पिछले स्कूल के रिकॉर्ड या पेन नंबर में गलत जानकारी दर्ज होने या आधार नंबर लिंक न होने से डुप्लीकेसी की समस्या आती है।
- कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी खराबी, सर्वर धीमा होने या ओटीपी न आने जैसी समस्याएं आती हैं।

अपार आईडी का यह है फायदा

- फर्जी एजुकेशन डॉक्यूमेंट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी
- एडमिशन के समय छात्रों का वेरीफिकेशन आसान हो जाएगा
- स्कॉलरशिप पाने के लिए क्रेडिट अकमुलेशन, क्रेडिट रिडेम्पटन, क्रेडिट ट्रांसफर इंटर्नशिप मिलेगा
- सर्टिफिकेशन, नौकरी के लिए आवेदन आदि काम काफी आसान हो जाएगा
- सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा बच्चों को मुहैया कराया जा सकेगा
- यह छात्रों का डिजी लॉकर होगा, जिसमें सभी डॉक्यूमेंट एक जगह सेव रहेगा
- ड्रॉपआउट छात्रों की ट्रैकिंग की जा सकेगी, यह उन्हें मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा

अपार आईडी की स्थिति	
बिलासपुर	- 86.76 %
रायपुर	- 82.64%
दुर्ग	- 84.18%

बच्चों के पास जन्म प्रमाणपत्र नहीं है

कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। कई छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं हो पा रहा है।

- संदीप पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

कर्मचारियों के अलावा सैलानी भी जूझ रहे परेशानी से, विभाग ने लिखा पत्र

एक माह से स्मृति वाटिका में पसरा है अंधकार, पानी, बिजली के लिए हाहाकार



सुरक्षा नहीं होने से मवेशी घुस रहे अंदर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फारेस्ट विभाग का सकरी और कानन पेण्डारी के बीच बने स्मृति वाटिका में पिछले एक माह से अंधकार पसरा हुआ है, जिसके कारण पानी और बिजली के संकट से कर्मचारी के अलावा सैलानी भी जूझ रहे हैं। वन विभाग की ओर से बिजली विभाग को पत्र लिखा गया है, लेकिन अब तक बिजली की व्यवस्था में कोई भी सुधार कार्य नहीं हो सका है।

अ चा न क मा र अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व में शामिल स्मृति वाटिका का हाल बेहाल होते जा रहा है। यहां चारों ओर बड़े-बड़े खरपतवार के अलावा व्यवस्था भी पूरी तरह से खराब होती जा रही है। 26 साल पहले बने स्मृति वाटिका को सैलानियों के पिकनिक सहित घूमने फिरने के लिए बनाया गया था, ताकि लोग यहां परिवार सहित आ सकें। शुरुआत में सैलानियों की भीड़ स्मृति वाटिका में अच्छी खासी रहती थी, जिसके बाद सैलानियों ने वाटिका की ओर जाने की रूचि दिखाना धीरे-धीरे बंद कर दिया। इसकी हालत को सुधारने के लिए पिछले 20 सालों में करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन व्यवस्था अभी भी जस की तस बनी हुई है।



स्मृति वाटिका का हाल-बेहाल।

स्मृति वाटिका के पीछे के हिस्से में कुछ ग्रामीणों ने अपना कब्जा कर रखा है, तो यहां सैलानियों के लिए बनाए गए प्रसाधन व अन्य सारी सुविधा पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। पानी तक की सुविधा सैलानियों को वाटिका के अंदर नहीं मिल पाती है। कुछ माह पहले बिलासपुर में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यालय से आए वन विभाग के अफसरों ने स्मृति वाटिका की व्यवस्था को सुधारने के लिए योजना बनाई, जिसके लिए बिलासपुर वन मंडल को बजट बनाकर भेजने का आदेश दिया गया था। इस आदेश के बाद बजट बनाकर मुख्यालय को लेटर भी भेजा गया, लेकिन राशि अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। वर्तमान में यहां की स्थिति ऐसी है कि पिछले एक माह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बंद होने के कारण अंधकार छाया हुआ है। शाम 6 बजे के बाद सूरज ढलते ही पूरे वाटिका में अंधेरा होने के बाद मोबाइल की लाइट जलाकर आना-जाना मजबूरी हो चुकी है। इस व्यवस्था को सुधारने के लिए वन विभाग ने विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित को पत्र लिखा है, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी बिजली व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है।

पुराने हो चुके हैं तार

स्थानीय कर्मचारियों के अनुसार स्मृति वाटिका में बिजली व्यवस्था के लिए लगाए गए तार और खंभे काफी पुराने हो चुके हैं। वर्ष 2001-02 में लगाए गए तार और खंभे क्षतिग्रस्त होने के कारण टूट गए हैं। इसे पहले सुधार कार्य कराया गया था। इसके बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। अंधेरे के कारण वाटिका के गेट को जल्द बंद करना मजबूरी हो गई है।

लिखा गया है पत्र

स्मृति वाटिका में बिजली सप्लाई के लिए लगाए गए तार और खंभे पूरी तरह से जर्जर हो गए हैं। वर्तमान में नए केबल और खंभों की आवश्यकता है। इस तरह की दिक्कत कई बार आ चुकी है। विद्युत वितरण कंपनी को विभाग की ओर से पत्र लिखा गया है, जिसमें उनसे इस्टीमेट भी मांगा गया है। अब तक वहां से कोई जवाब नहीं पहुंचा है और न ही कोई सुधार कार्य हुआ है।

- अनिमेश सिंह, रेंजर, तखतपुर रेंज



घर में घुसकर हंगामा मचाते आरोपी।

दशहरे की रात मंगला में बवाल

घर में घुसकर दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दशहरे की रात मंगला में चार युवकों ने आतंक मचाते हुए दरवाजा तोड़कर एक घर में घुस गए, फिर दहशतगर्दी मचाते हुए दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पाइप, बांस, बेल्ट, हाथ मुक्का से जमकर पीटा, जिससे आसपास क्षेत्र के लोग दहशत में आ गए थे। पुलिस ने मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

- मंगला में चार युवकों ने मचाया आतंक

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला राजाबाड़ा यादव मोहल्ला निवासी शुभम यादव पिता कलेश यादव 20 अक्टूबर की रात 11 बजे अपने छोटे भाई शिवम यादव के साथ घर के पास दुर्गा पंडाल के पास बैठे हुए थे। उसी समय आलोक यादव उर्फ महेश, उसका चाचा गोलू यादव आए और उसके भाई शिवम को बोलने लगे तुम्हारा चेहरा पसंद नहीं है, यहां से भागो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटक दिया और जमकर मारपीट करने लगे। शुभम यादव बीच बचाव करने गया तो गोलू यादव का भाई संकेश यादव, ओमकार यादव भी आ गए और दोनों के साथ मारपीट करने लगे। उनकी मां ने बीच बचाव कर दोनों भाइयों को हमलावरों से छुड़ाया।

घर के अंदर घुसे

मां दोनों बेटों को छुड़ाकर घर लेकर गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद हमलावर चारों आरोपियों ने दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसकर दहशतगर्दी मचाते हुए शिवम, शुभम, उसके पिता कलेश यादव, मां इंद्राणी, दादी लहुराया यादव के साथ पाइप, बांस, बेल्ट, हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। वहीं घर के बाहर खड़ी उनकी बाइक में तोड़फोड़ की है। पुलिस ने शुभम यादव की रिपोर्ट पर हमलावर आलोक यादव उर्फ महेश, गोलू यादव, संकेश यादव, ओमकार यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 296, 3, 5, , 324, 2, 331, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू से हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर अटल आवास निवासी प्रमोद दुबे पिता स्व. शंकर प्रसाद दुबे बुधवार की सुबह 10.30 बजे अपने छोटे भाई शिवबोध दुबे के साथ घर के सामने पानी डाल रहे थे। उसी दौरान पड़ोसी आकाश यादव उर्फ चुटकू उसका भाई दउवा आए और पानी क्यों डाल रहे कहकर गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का लाठी से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे प्रमोद दुबे के हाथ में चोट आई है। दूसरी घटना में चिंगराजपारा गणेश चौक निवासी सचिन कश्यप पिता संतोष कश्यप 20 अक्टूबर को रात में रावण दहन के बाद शिवमंदिर के पास रात 10.30 बजे आटो में बैठा था। इसी दौरान अटल आवास निवासी कृषि आया और दोस्त के साथ मारपीट किए हो कहकर गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया है। तीसरी घटना में सकरी क्षेत्र के ग्राम मेंड्रा निवासी कुलदीप रजक पिता रामकुमार रजक 20 अक्टूबर को रात 9 बजे दैहान मोहल्ला हेतराम रजक के घर के पास छोटे भाई रोहित रजक को नशा करता है कहकर डांट रहे थे। उस समय गांव का अभिषेक यादव क्यों डांट रहे हो कहकर गाली देने लगा। मना करने पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे हाथ की कलाई में चोट आया है। पुलिस ने तीनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

डायल 112 के आरक्षक ने चाकू अड़ाकर धमकी देने वाले बदमाश को पकड़ा

डायल 112 के आरक्षक ने एक युवक के गले में चाकू अड़ाकर धमकी देने वाले बदमाश युवक को पकड़कर थाने के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, विध्यांसार निवासी सूरज कुमार महरा 20 अक्टूबर को रोजी मजदूरी करने शहर आया था। दोहपर 1 बजे काम करने के बाद नेहरू चौक से मंगला चौक खाना खाने पैदल जा रहा था। नर्मदा नगर मंगला हास्पिटल के पास एक युवक आया और उसके गले में चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी दे रहा था। उसी दौरान डायल 112 की गाड़ी वहां से गुजर रही थी। पुलिस गाड़ी को देखकर युवक भागने लगा। सूरज ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। आरक्षक ने दौड़ाकर युवक को पकड़कर चाकू बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा देवांगन पिता मंगल देवांगन 23 साल जबड़ापारा निवासी बताया। आरक्षक ने उसे सिविल लाइन थाने के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने धारा 296, 351, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

स्कूटी सवार छात्रा को कार ने मारी टक्कर, घायल

बिलासपुर। दुर्गा प्रतिमा देखने निकली स्कूटी सवार छात्रा को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दिया। हादसे में छात्रा घायल हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार इमलीपारा निवासी हेमा साहू पिता स्व. साधुराम साहू अपनी दीदी सीमा साहू के साथ 19 अक्टूबर की रात शहर में दुर्गा प्रतिमा देखने निकली थी। रात 11.30 बजे सिविल लाइन चर्च के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में हेमा साहू घायल हो गई है। पुलिस ने हेमा साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

नाबालिग से अनाचार के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

नाबालिग पीड़िता से जबरदस्ती अनाचार करने के मामले में फरार आरोपी को थाना मुलमुला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

- आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया
- नाबालिग पीड़िता के साथ जबरदस्ती अनाचार किया था

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना मुलमुला में धारा 64(1) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 4(1), 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार 8 मार्च को आरोपी नंदलाल साहू निवासी ग्राम रानीगढ़, थाना बिलाईगढ़ द्वारा सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग पीड़िता के साथ जबरदस्ती अनाचार किया था। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलैण्डन यार्क एवं एसडीओपी अकलतरा डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में मुलमुला पुलिस आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। साइबर थाना जांजगीर की सहायता से 21 अक्टूबर को आरोपी को ग्राम थारगांव से गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह, थाना प्रभारी मुलमुला, साइबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, पुरेंद्र कुमार सहित स्टाफ का योगदान रहा।

सीएएफ के जवान की तालाब में मिली लाश

सक्ती। डभरा थाना क्षेत्र के खम्हार खैया तालाब में बुधवार सुबह छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स में पदस्थ एक आरक्षक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दिलीप साहू के रूप में हुई है, जो दंतेवाड़ा में पदस्थ था। आरक्षक पिछले कुछ दिनों से लापता था और उसकी गुमशुदगी की सूचना डभरा थाने में पहले ही दर्ज कराई गई थी। अब तालाब में उसका शव मिलने से मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह नगर पंचायत डभरा स्थित खम्हार खैया तालाब में मोहल्ले के लोगों ने एक व्यक्ति का शव देखा। इसकी सूचना तत्काल डभरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। बताया जा रहा है कि तालाब से बरामद शव करीब तीन दिन पुराना था। पानी में लंबे समय तक पड़े रहने के कारण शव की बाहरी त्वचा खराब हो चुकी थी। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अब उसके लापता होने से लेकर तालाब में शव मिलने तक की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

झा बने भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजयुमो के युवा नेता अनमोल झा को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर छत्तीसगढ़ के राजनीतिक एवं संगठनात्मक क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस नियुक्ति से न केवल उनके संगठनात्मक कद में वृद्धि हुई है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का गौरव भी बढ़ा है।

अनमोल झा ने अपने राजनीतिक जीवन में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी सक्रियता, समर्पण और कार्यक्षमता से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 2016 में भाजयुमो जिला बिलासपुर के जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख के रूप में अपने संगठनात्मक सफर की शुरुआत करने के बाद उन्होंने निरंतर विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वर्ष 2017 में भाजपा जिला बिलासपुर के सह मीडिया प्रभारी, वर्ष 2020 में भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर जिला प्रभारी, वर्ष 2022 में भाजयुमो प्रदेश शासकीय योजना मंडल प्रमुख तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी जिले के जिला प्रभारी के रूप में उन्होंने संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं वर्ष 2023 में बिलासपुर लोकसभा चुनाव में भाजयुमो के जिला प्रभारी का दायित्व भी संभाला। वर्तमान में वे भाजपा बिलासपुर ग्रामीण के मीडिया प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर रहे थे।



- कार्यक्षमता और समर्पण से बनाई विशेष पहचान

यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के संगठनात्मक सामर्थ्य और युवा नेतृत्व की बढ़ती भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करती है। अपनी नियुक्ति पर अनमोल झा ने शीर्ष नेतृत्व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, सहित समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

सूने मकान में चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सूने मकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार सामान जब्त कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बालाजी पुरम कालोनी निवासी विकास वर्मा मकान के दरवाजे में ताला लगाकर पत्नी के साथ बेटी से मिलने पूणे चले गए हैं। 16 अक्टूबर को उनके घर नौकरानी सीमा साफ सफाई करने गई तो दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखी तो सामान बिखरे पड़े थे। नौकरानी ने कालोनी में रहने वाले श्री वर्मा के बड़े भाई प्रशांत वर्मा को इसकी जानकारी दी। उन्होंने घर आकर देखा तो घर से 11 नग सोने का मोतीदाना, 4 जोड़ी पायल, 7 जोड़ी बिछिया, 4 चांदी का सिक्का, 3 चांदी की मूर्ति, कैमरा, हेयर ड्रायर, 1013 रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने पतासाजी कर नाग नागिन अटल आवास निवासी आशीष निर्मलकर उर्फ विक्की पिता लक्ष्मी प्रसाद निर्मलकर 23 साल को गिरफ्तार कर चोरी के जेवर व सामान जब्त कर लिया है।

खबर संक्षेप



धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव

विजयादशमी के पावन अवसर पर हरदीबाजार में ग्राम पंचायत के तत्वावधान में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुरानी बस्ती से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान बने बालकों की आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निशान बाजा के साथ निकली गई। रावण दहन के साथ ही मैदान में उपस्थित लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम ने लोगों को बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच लोकेश्वर कंवर, मदन मोहन कंवर, मदन राठौर उपस्थित रहे।

शांतिनगर में किया रावण दहन



विजयदशमी पर्व असत्य पर सत्य की जीत दशरहा पर्व पर रावण का पुतला दहन कर मनाया गया। हरदीबाजार शांतिनगर में शिवम राठौर कान्हा, यशू, शिल्पी, सिप्पी ने लंका का राजा रावण का पूजा कर आतिशबाजी करते हुए शाम 7 बजे रावण का पुतला दहन किया और जय श्री राम के जयघोष लगाए गए।

सेवाप्रदाता के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। सखी वन स्टॉप सेंटर कटघोरा में दैनिक कार्यों के संचालन के लिए सुरक्षा गार्ड, नाइट गार्ड के एक पद (अनारक्षित) पर भर्ती हेतु पात्र महिला आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र महिला आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन 21 से 30 अक्टूबर तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कोरबा को भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

पृष्ठ 1 का शेष

फसल का...

इसकी प्रगति को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पटवारियों की हड़ताल के कारण डिजिटल फसल सर्वे को लेकर प्रशासन के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। ऐसे में तहसीलदारों को मैदान में उतारकर सर्वे कार्य को गति देने की कोशिश की जा रही है। अब देखना होगा कि इस वैकल्पिक व्यवस्था से सर्वे का काम कितनी तेजी से पूरा हो पाता है।

ढाबा व स्वीट्स...

दीपक स्वीट्स से पनीर और लड्डू का नमूना जांच के लिए लिया। साथ ही, जब तक फर्म में सभी आवश्यक सुधार और मानक पूरे नहीं कर लिए जाते, तब तक प्रतिष्ठान में हर तरह के क्रय-विक्रय को पूरी तरह से बंद कराने का आदेश जारी कर दिया गया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी या स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

ग्रीन जोन...

सामने एक बार फिर अपना कारोबार व्यवस्थित करने की समस्या खड़ी हो गई है। कपड़ा व्यवसायियों ने आनंद बाजार में प्रस्तावित स्थल की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि जिस स्थान पर उन्हें दुकान लगाने के लिए कहा जा रहा है, वहां जमीन समतल नहीं है। इसके अलावा सार्वजनिक शौचालय का सेप्टिक टैंक भर जाने के कारण आसपास गंदगी फैली हुई है। ऐसी स्थिति में दुकानें लगाना और ग्राहकों को बुलाना मुश्किल होगा। व्यवसायियों के अनुसार उन्हें पहले जमीन समतल करने के बाद दुकानें लगाने की बात कही गई थी, लेकिन अब पर्याप्त व्यवस्था किए बिना ही वहां शिफ्ट होने के लिए कहा जा रहा है। उनका कहना है कि जब तक स्थल को व्यवस्थित नहीं किया जाता और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होती, तब तक वहां कारोबार करना व्यावहारिक नहीं है। **दीपावली के लिए लगाई पूंजी, नुकसान की आशंका:** व्यवसायियों की सबसे बड़ी चिंता दीपावली के कारोबारी सीजन को लेकर है। उनका कहना है कि परिवार की आजीविका चलाने के लिए उन्होंने बड़ी रकम खर्च कर कपड़ों की खरीदारी की है, ताकि दशहरा और दीपावली के दौरान बिक्री अच्छी हो सके। त्योहारों के समय होने वाली बिक्री से ही उन्हें कारोबार में लगी पूंजी निकालने और परिवार के खर्च पूरे करने की उम्मीद रहती है। ऐसे में बार-बार दुकानें हटाने और स्थान बदलने की स्थिति बनने से उनका कारोबार प्रभावित हो सकता है। व्यवसायियों को आशंका है कि यदि समय पर व्यवस्थित स्थान नहीं मिला, तो ग्राहकों की आवाजाही कम होने के साथ बिक्री पर भी असर पड़ेगा। इससे कपड़ों की खरीदारी में लगाई गई पूंजी फंस सकती है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

विजयादशमी पर शहर के प्रमुख दशहरा उत्सवों में शामिल हुए उद्योग मंत्री

अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है विजयादशमी : लखन



रावण दहन के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व अन्य।



उपस्थित जनमानस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विजयादशमी के पावन अवसर पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शहर के विभिन्न प्रमुख दशहरा उत्सवों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए नागरिकों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन मंगलवार को सबसे पहले एचटीपीपी दर्री के लाल मैदान में आयोजित विशाल दशहरा उत्सव में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने दर्री मेन रोड स्थित दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव में सहभागिता की। वे बुधवारी बस्ती, मुड़ापार बाजार और राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1, निहारिका में आयोजित दशहरा उत्सवों में भी शामिल हुए। सभी आयोजन स्थलों पर उन्होंने नागरिकों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने दर्री मेन रोड दुर्गा पूजा समिति, बुधवारी दशहरा उत्सव समिति, मुड़ापार दशहरा उत्सव समिति और राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1 की समिति को क्रमशः एक-एक लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। अपने उद्बोधन में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विजयादशमी केवल भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का पर्व नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, न्याय और सदाचार की शक्ति का प्रतीक है। यह पर्व सिखाता है कि जीवन में कितनी भी कठिन परिस्थितियां आएं, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने वालों की अंततः विजय होती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और जनकल्याण का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी हमें परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देते हैं। विजयादशमी हमें अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, द्वेष और नकारात्मकता जैसी बुराइयों को त्यागकर अच्छाई एवं सदाचार अपनाने का संकल्प लेने का संदेश देती है। इस दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र देवांगन, पार्षद श्रीमती प्रीति शर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, मनोज लहरे, वैभव शर्मा, एल्डरमैन ईश्वर साहू, सरोज शांडिल्य, मुकुंद कंवर, किशोर साहू और पार्षद पंकज देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बालकोनगर में धूमधाम से मना उत्सव



बालकोनगर के रामलीला मैदान में बालको सार्वजनिक विजयादशमी समिति द्वारा भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान की आकर्षक झांकियों, रामलीला मंचन और रावण-दहन कार्यक्रम ने उत्सव को विशेष बना दिया। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री राजेश सिंह ने रावण-दहन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालकोनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। उत्सव की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की आराधना कर कंपनी, कर्मचारियों और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं निरंतर प्रगति की कामना की गई। बीते दिनों हुए रामलीला की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादा का संदेश दिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रावण-दहन रहा। श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा रावण-दहन किए जाने के साथ ही मैदान में उपस्थित लोगों ने असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

जयसिंह अग्रवाल ने रावण दहन कार्यक्रम में लिया हिस्सा



असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक पावन पर्व विजयादशमी (दशहरा) के अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शहर के पुराना बस स्टैंड एवं श्री राम दरबार में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भगवान श्रीराम का पूजन किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें सत्य, धर्म, न्याय और सदाचार के मार्ग पर चलने तथा जीवन से बुराइयों को दूर करने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम के आदर्श और उनके जीवन-मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहें। उन्होंने प्रदेश एवं कोरबा की जनता की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

लाल मैदान दशहरा उत्सव में उद्योग मंत्री ने जिलेवासियों को दी बधाई



भगवान श्रीराम का आशीष सभी को मिले और सबको सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो। त्रेतायुग में आदिशक्ति माता सीता का राक्षसराज रावण ने हरण किया था। रावण को पत्नी मंदोदरी, भाई कुंभकर्ण और पुत्र इंद्रजीत द्वारा बार-बार समझाइश दी गई लेकिन रावण ने उन्हें अनसुना कर दिया। रावण ने अपना अहंकार नहीं त्यागा और उसने माता सीता को नहीं लौटाया। अपने अहंकार के कारण रावण ने अपनी राजधानी लंका का सर्वनाश कराया और वह प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। तब से बुराई के प्रतीक रावण का पुतला जलाया जाता रहा है। इसलिए आप सभी सत्य के मार्ग पर चलें और भगवान श्री राम का आशीष सभी को प्राप्त हों। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने दर्री स्थित लाल मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा आवासीय कालोनी से निकाली गई भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद रावण का पुतला बनाने वाले कर्मठ व लगनशील कर्मचारियों एवं कारीगरों से कैबिनेट मंत्री मिले और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाइयां दी। दशहरा उत्सव के मंच पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के कार्यपालक निदेशक एचके सिंह द्वारा कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यपालक निदेशक द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में दशहरा उत्सव में पहुंचे सभी नागरिकों का अभिनंदन करते हुए रावण को तैयार करने वाले कर्मचारियों एवं कारीगरों का आभार व्यक्त किया गया।

बस स्टैंड हरदीबाजार में हुवा रावण दहन



माँ दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा बस स्टैंड दुर्गा पंडाल के बगल में दशहरा उत्सव मनाया गया। जिसमें आचार्य हीरालाल पांडेय के द्वारा रावण दहन के पूर्व पूजा पाठ किया गया। रावण दहन के मुख्य अतिथि यशवंत राठौर व यदुराज राठौर रहे। बस स्टैंड के इस रावण दहन में हरदीबाजार व आसपास क्षेत्र के लोग काफी संख्या में पहुंचकर रावण दहन में शामिल हुए।इस अवसर पर थाना प्रभारी आशीष सिंह, सहायक उप निरीक्षक कृपा शंकर दुबे, संदीप सिंह, महेन्द्र राठौर, राजेश राठौर, रवि जायसवाल, निलेन्द्र राठौर, विनय चंद्राकर, नवनीत गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर,तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर, जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल, डॉ गणेश प्रभुवा, यशवंत राठौर, ब्यास राठौर, राजाराम राठौर, विनोद, जगदीश अग्रवाल, किशोर यादव, कांति राठौर, राजू राठौर,राहुल यादव, रमेश प्रजापति, नितेश जायसवाल, आकाश जायसवाल,समीर जायसवाल, बिट्टू धुरवा, बॉबी राठौर, संजय राठौर उपस्थित थे।

पथरीपारा में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि पर्व



कोरबा। पथरीपारा वार्ड नंबर 19 में नवदुर्गा की स्थापना किया गया था। इस आयोजन को सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें पूरे 9 दिनों तक माता रानी के भक्तिगणो के द्वारा पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमा को 21 अक्टूबर को विसर्जन किया गया। उक्त धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में आचार्य राम कुमार पांडे एवं शत्रुघ्न साहू के द्वारा निरंतर 9 दिनों तक माता रानी की पूजा अर्चना कराया गया। समिति के पदाधिकारी में मोहल्ले के वरिष्ठजनों सहित माता बहने व युवा साथियों का विशेष सराहनीय योगदान रहा। साथ ही प्रतिदिन मातारानी का भोग भंडारा आयोजन समिति के द्वारा पूरे 9 दिनों तक आयोजित रहा। आयोजन को सफल बनाने में मनीराम जांगड़े, लक्ष्मीकांत साहू, धरम कुमार, कन्हैया राठौर, दिनेश मान्नेवर, कन्हैया साहू, दिनेश तिवारी, परमेश्वर यादव, अजीत मिश्रा, राजा केसरवानी, सूरज बरेठ, लकी साहू, गुलशन सिदार, धीरेंद्र श्रीवास, गगन राठौर महिलाओं में अमेरिका साहू, गिरजा केवरा राठौर सहित अन्य उपस्थित है।

बिजनेस प्लस

स्पेशल ट्रेन से द्वारकाधीश धाम तीर्थ यात्रा का शुभारंभ, 1110 श्रद्धालु होंगे शामिल



कोरबा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, रायपुर द्वारा द्वारकाधीश धाम सहित देश के प्रमुख धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन से भव्य तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन यात्रा में कुल 1110 श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा का शुभारंभ गुरुवार, 22 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। तीर्थ यात्रा के शुभारंभ अवसर पर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. चरणदास महंत मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे। अतिथिगण स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रा का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक द्वय देवेंद्र यादव, राजकुमार यादव एवं इंद्रशाह मंडावी शामिल होंगे। वहीं राजेश अग्रवाल अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस धार्मिक यात्रा के दौरान श्रद्धालु देश के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्रा में प्रमुख रूप से श्री द्वारकाधीश मंदिर, श्री बेट द्वारका, श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शामिल हैं। इन पावन तीर्थस्थलों के दर्शन से श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे और धार्मिक आस्था के साथ इस यात्रा को यादगार बनाएंगे।

रबी में तिलहन का रकबा दोगुना करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रबी वर्ष 2026-27 में जिले में तिलहन का रकबा दोगुना करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषि विभाग, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और किसानों को कार्ययोजना के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रविवार को आयोजित बैठक में तिलहन खेती के विस्तार की समीक्षा की और किसानों को सरसों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

खास बात

- पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सरसों बीज वितरण



बैठक लेते कलेक्ट एवं अन्य।

राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ-ओएस) के बीज वितरण घटक के तहत विकासखंड पाली के 1000 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 50 क्विंटल तथा पोड़ी-उपरोड़ा के 1000 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 50 क्विंटल सरसों बीज वितरित किया जाएगा। योजना के फसल प्रदर्शन घटक के अंतर्गत पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड में 300 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 15 क्विंटल सरसों बीज दिया जाएगा। प्रदर्शन में किसानों को बीज के साथ अन्य आवश्यक कृषि आदान सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त डीएमएफ मद से जिले में कुल 2000 हेक्टेयर क्षेत्र में तिलहन विस्तार के लिए सरसों बीज वितरण किया जाएगा। कलेक्टर ने एफपीओ को तिलहन क्षेत्र विस्तार के लिए अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने तेल मिल उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहयोग का आश्वासन भी दिया। उप संचालक कृषि डी.पी.एस. कंवर ने विभागीय अधिकारियों को किसानों के बीच तिलहन खेती के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार और मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के किसानों से रबी मौसम में सरसों सहित तिलहन फसलों की खेती अपनाकर क्षेत्र विस्तार में सहभागी बनने की अपील की।

भूविस्थापित और प्रभावित ग्रामीणों की महापंचायत कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के तत्वाधान में 22 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से ग्राम पंचायत अंडीकछार स्थित टिनठिया स्थान पर एक विशाल भू-विस्थापित महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है एसईसीएल दीपका क्षेत्र से अर्जित एवं पुनर्वासित ग्रामों सुवाभोड़ी, सिरकीखुर्द, चैनपुर, झाबर और बेलटिकरी के प्रभावित ग्रामीणों युवाओं और महिलाओं की वर्षों से लंबित समस्याओं और वाजिब हक की लड़ाई के लिए यह महासम्मेलन बुलाया गया है। सम्मेलन में मुख्य रूप से लंबित मुआवजा व परिसंपत्तियों का अविलंब भुगतान 5 लाख की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि बसाहट पात्रता दस्तावेजों में नाम एवं जाति संबंधी त्रुटियों का सुधार तथा स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार का अधिकार, भूमि पट्टा का आवंटन गार्डन सामुदायिक भवन नाली पक्की सड़क पुल-पुलिया तालाब मुक्तिधाम स्ट्रीट लाइट/प्रकाश व्यवस्था लंबित मुआवजा पुनर्वास नीति के तहत पात्रता और सभी बुनियादी सुविधाओं का विकास, वैकल्पिक स्वरोजगार हेतु निर्धारित 5 लाख की टेंडर सीमा को बढ़ाकर 20 लाख करने तथा भू-विस्थापित स्थानीय ठेकेदारों के साथ हो रहे हर तरह के भेदभाव को समाप्त करने पर ठोस निर्णय लेने का फैसला किया। संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने दीपका क्षेत्र के सभी अर्जित व पुनर्वासित ग्रामों के निवासियों बुजुर्गों महिलाओं और विशेष रूप से युवाओं से अपील की है कि वे अपने हक और अधिकार की इस लड़ाई में एकजुट होंने कहा है।

कोरबा मार्केट



खबर संक्षेप



गेवरा स्टेडियम में गरबा उत्सव 2.0 की धूम एमो फाउंडेशन ने किया आयोजन

गेवरा-दीपका। नवरात्रि के पावन अवसर पर गेवरा स्टेडियम में आयोजित दीपका गरबा उत्सव 2.0 भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक गरबा की धुन और आकर्षक साज-सज्जा के बीच हजारों की संख्या में लोग उत्सव में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री लता साहू की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। उन्होंने गरबा की धुन पर ठुमके लगाकर लोगों का दिल जीत लिया। एमो फाउंडेशन की ओर से आयोजित दीपका गरबा उत्सव का यह दूसरा संस्करण था। कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल, एसीबी इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर विपिन मलिक, नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, पार्षद धीरेंद्र तिवारी, गजेंद्र सिंह राजपूत, संतोष सिंह , गोरेलाल साहू अशोक यादव, निलेश साहू,सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस मौके पर आयुष साहू, अंकुश साहू, गौरव सिदार, उदय दास, आशीष साहू, रिया साहू, राज चुटेल, प्रियांशु सिंह, संजू खूंटे, अंजलि खरे, आस्था खरे, दीक्षा मिश्रा का योगदान रहा।

हास्य कवि सम्मेलन ने बांधा समां, हास्य-व्यंग्य और राष्ट्रभक्ति की कविताओं से गूंजा पंडाल



बालको। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सेक्टर-3 बालको नगर द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसरपर हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। साहित्यिक मंच का कवि हीरामणि वैष्णव ने संचालन से शानदार आगाज किया और पूरे कार्यक्रम को खूबसूरत आयाम प्रदान किया। कवि दिलीप अग्रवाल ने अपनी हास्य कविताओं एवं सामाजिक विसंगतियों पर तीखे व्यंग्य के माध्यम से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। वहीं डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने अपने मधुर गीतों से श्रोताओं के हृदय को स्पंदित कर भावनाओं की सरिता प्रवाहित की। कवि मुकेश चतुर्वेदी ने हास्य की फुलझड़ियों से वातावरण को खुशनुमा बना दिया। रजगामार से पहुंचे कवि बलराम राठौड़ ने अपने धारदार हास्य-व्यंग्य से खूब तालियां बटोरीं। कवयित्री अनुसुइया श्रीवास ने अपने भावपूर्ण गीतों से श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। वहीं कवि डिकेश्वर साहू ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से देश के वीर सैनिकों के शौर्य, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति का सजीव चित्रण करते हुए मां भारती की वंदना की।

लक्की ड्रॉ में मनीष को ई-स्कूटी सुरभि को मिला वाशिंग मशीन



कोरबा। श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड कोरबा के द्वारा लक्की ड्रॉ का कूपन बुधवार को निकाला गया। उत्सव समिति के द्वारा कुल 51 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम ड्रॉ में पहला पुरस्कार ई-स्कूटर मनीष अग्रवाल ने प्राप्त किया। रुद्र सीतामणी निवासी ने दूसरा पुरस्कार रेफ्रिजरेटर तो वहीं सुरभि पाल ने तीसरा ड्रॉ में वाशिंग मशीन जीता। राजेश पालीवाल को टीवी तथा पांचवा ईनाम प्रेम पति अग्रवाल से सायकल जीता। इस तरह कुल 51ड्रॉ निकाले गए व सभी को निर्धारित पुरस्कार सामाग्री प्रदाय कर बधाई दी गई। इस दौरान समिति के रोशन जायसवाल, सुनील विध्वनी,शंकर राव, विकास अग्रवाल, मनीष डिडवानिया, निमेष पटेल, रितेश साहू आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

विवाह प्रमाण पत्र नहीं तो राशन कार्ड में अटक सकता है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी राशन व्यवस्था का लाभ लेने के लिए अब केवल परिवार से अलग होना या पहचान पत्र प्रस्तुत करना पर्याप्त नहीं होगा। शादी के बाद अलग राशन कार्ड बनवाने अथवा राशन कार्ड में नाम जोड़ने और हटाने के लिए विवाह प्रमाण पत्र की अनिवार्यता लोगों के सामने नई चुनौती खड़ी कर सकती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां विवाह के बाद कई परिवार प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया पूरी नहीं करते, वहां लोगों को राशन कार्ड से जुड़ा काम कराने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सवाल यह है कि जिन परिवारों के पास विवाह प्रमाण पत्र नहीं है, उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था कितनी सहज होगी।

पहले परिवार से अलग होने के बाद नाम कटवाकर और पहचान संबंधी दस्तावेज देकर अलग राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती थी। अब विवाह प्रमाण पत्र अनिवार्य किए जाने से प्रक्रिया में एक अतिरिक्त दस्तावेज जुड़ गया है। शादी के बाद अलग रहने वाले दंपती, संयुक्त परिवार से अलग हुए सदस्य और राशन कार्ड में नाम संबंधी संशोधन कराने वाले लोगों को इसके लिए पहले विवाह प्रमाण पत्र की व्यवस्था करनी पड़ सकती है। ग्रामीण इलाकों में कई विवाह सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार तो संपन्न होते हैं, लेकिन उनका पंजीयन नहीं कराया जाता। ऐसे परिवारों के लिए प्रमाण पत्र बनवाना अतिरिक्त समय और भागदौड़ का कारण बन सकता है। यदि दस्तावेज संबंधी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई, तो पात्र परिवारों को भी अपने काम के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

ग्रामीण परिवारों की बढ़ेगी परेशानी

खास बातें

- शादी के बाद अलग कार्ड बनवाने और नाम जोड़ने - कटवाने में नया नियम बना बाधा



जिले में 3.63 लाख राशन कार्ड, 556 दुकानें

जिले में राशन वितरण व्यवस्था का दायरा लगातार बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में राशन कार्डों की संख्या बढ़कर करीब 3 लाख 63 हजार हो गई है जबकि उचित मूल्य दुकानों की संख्या 556 तक पहुंच गई है। हाल ही में सरईडीह, भंवरखोल और पोड़ी में तीन नई राशन दुकानें शुरू की गई हैं। इतनी बड़ी संख्या में हितग्राहियों के बीच राशन कार्ड से जुड़े नए नियमों की जानकारी पहुंचाना भी जरूरी हो गया है, ताकि दस्तावेजों की कमी के कारण लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो।

तीन तरह के राशन कार्ड, अलग-अलग पात्रता

जिले में प्राथमिकता श्रेणी, अंत्योदय और एपीएल श्रेणी के राशन कार्ड प्रचलित हैं। अंत्योदय योजना के अंतर्गत पात्र एकल और दिव्यांग हितग्राहियों को भी लाभ दिया जाता है। अंत्योदय कार्ड पर प्रति कार्ड 35 किलो चावल देने का प्रावधान है। प्राथमिकता श्रेणी में सदस्यों की संख्या के अनुसार चावल की मात्रा निर्धारित है। एक सदस्य वाले परिवार को 10 किलो, दो सदस्यों को 20 किलो और तीन से पांच सदस्यों वाले परिवार को 35 किलो चावल दिया जाता है। इससे अधिक सदस्यों वाले परिवारों के लिए नियमानुसार अतिरिक्त चावल का प्रावधान है।

उद्योग मंत्री ने शहीदों के परिजनों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



पुष्पचक्र भेंट करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।


सलामी देते पुलिस के अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। इसके अलावा अन्य अतिथियों में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर, पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, एएसपी लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी सहित जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर वीर शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनों ने शहीद जवानों के बलिदान को नमन करते हुए उनके योगदान को देश और समाज के लिए अमूल्य बताया। पुलिस स्मृति दिवस उन वीर जवानों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने कर्तव्य पालन करते हुए देश की रक्षा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका साहस, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में शहीदों के परिवारों के प्रति सम्मान एवं संवेदना व्यक्त करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन वीर सपूतों का त्याग और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। पूरा देश शहीदों के प्रति कृतज्ञ है और उनके परिवारों के सम्मान, सहयोग एवं संबल के लिए सदैव उनके साथ खड़ा है। पुलिस स्मृति दिवस का यह आयोजन शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ उनके आदर्शों पर चलने और देश की सुरक्षा एवं सेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर बना।

अलग- अलग हादसों में तीन की मौत, एक घायल, चालक फरार



खास बात

- नेशनल हाईवे -130 में ट्रेलर के पहिए में दबा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के नेशनल हाईव 130 पर अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना बांगो थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-130 पर बरपाली और पोड़ी के बीच बुधवार की सुबह 10.30 बजे ट्रेलर चालक ने मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के दौरान मोटरसाइकिल सवार ट्रेलर के पहिए के नीचे दब गया और मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान आमाखोखरी निवासी शिवकुमार के रुप में की गई है। इसी तरह सड़क हादसे की दूसरी घटना बांगो थाना क्षेत्र के माचाडोली में हुई है। बताया जाता है कि दो मोटर साइकिल के बीच आमने सामने भिंड़त हो जाने से मोटरसाइकिल सवार दुर्गा सारथी की मौत हो गई है। जबकि मौत की तीसरी घटना मोरगा चौकी क्षेत्र में घटित हुई है। जहां एक पैदल सवार विक्षिप्त व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया है जिससे उसकी मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को मारी टक्कर



उरगा थाना क्षेत्र के मड़वारानी पुल के समीप तेज रफ्तार कार ने ऐसा कहर बरपाया कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 11 बीआर 2946 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए करीब 7 से 8 लोगों को टक्कर मार दी। चपेट में महिला, पुरुष और बच्चे भी आए हैं। कई लोगों को चोटें आई हैं, वहीं एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की भी जानकारी सामने आ रही है। हालांकि घायलों की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

विनियामक विकास प्राधिकरण में विद्युत कंपनी ने 3 साल में जमा की 4 सौ करोड़ की राशि : चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा ऊर्जा विभाग छग शासन के आदेश पत्र 6 अक्टूबर 2023 के अनुसार कंपनी में नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन लागू नहीं करते हुए केंद्र के पेंशन फंड निधि विनियामक विकास प्राधिकरण में कंपनी का अंशदान 14 प्रतिशत राशि इन 3 वर्षों में 400 करोड़ से अधिक की राशि जमा कर दी गई है।

कंपनी को यह मालूम है कि केंद्र के पेंशन फंड निधि विनियामक विकास प्राधिकरण में जमा की गई राशि राज्य सरकार या कंपनी को वापस लौटाए जाने का कोई प्रावधान नहीं है। छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन की अनुमति के बाद कंपनी में अक्टूबर 2023 से नई पेंशन की जगह पुरानी पेंशन 1 जनवरी 2004 से लागू हो जाना चाहिए था लेकिन कंपनी प्रबंधन की हठधर्मिता के कारण अधिकारी–कर्मचारी पुरानी पेंशन लागू करने के लिए आंदोलन कर रहे हैं,वही कंपनी प्रबंधन वापस न मिलने वाले पेंशन फंड में 3 वर्षों से लगातार राशि जमा कर रहा है। केंद्र के पेंशन फंड में अक्टूबर 2023 में 580 करोड रुपए जमा थे जो 1 अप्रैल 2006 तक बढ़कर 940 करोड़ से अधिक हो चुके हैं अर्थात कंपनी प्रबंधन ने वापस नहीं मिलने वाली राशि लगभग 400 करोड रुपए और जमा कर दी है लेकिन पुरानी पेंशन अब तक लागू नहीं किया है। महासचिव आर सी चेट्टी ने बताया कि तीनों ही कंपनी में 1 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी–कर्मचारी की संख्या 9020 है जिनके वेतन से 10 प्रतिशत कर्मचारी का अंशदान होता है और 14 प्रतिशत नियोक्ता कंपनी द्वारा जमा किया जाता है। 2004 से कर्मचारी और कंपनी का अंशदान केंद्र के पेंशन फंड निधि विनियामक विकास प्राधिकरण में जमा हो रहा है। वर्तमान में कंपनी में मात्र 2240 अधिकारी–कर्मचारी पुरानी पेंशन की पात्रता रखते है। कंपनी द्वारा 2004 के पश्चात सेवा के दौरान मृतक हुए कर्मचारियों के परिवार जिनकी संख्या लगभग 330 है उन्हें भी परिवार पेंशन के रूप में पुरानी पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है जबकि राज्य शासन में इसे लागू कर दिया गया है। पुरानी पेंशन का लाभ 2004 के पहले विज्ञापन आधार पर नियुक्त लगभग 400 कर्मचारियों को भी अब तक नहीं मिला है साथ ही लगभग 40 कर्मचारी जो 2004 के पूर्व नियुक्त हैं,उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। महासचिव चेट्टी ने कहा है कि कंपनी द्वारा 3 वर्षों से पुरानी पेंशन लागू नहीं किए जाने के कारण सभी 12 अधिकारी– कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य अधिकार मंच के बैनर पर इस एकसूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, एवं सभी कर्मचारियों ने आम सहमति से यह निर्णय लिया है कि इस मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिए जाने पर वे सभी 18 नवंबर को एक दिन कासामूहिक अवकाश लेंगे।

खास बात

- पुरानी पेंशन लागू नहीं करते हुए केन्द्रीय पेंशन फंड निधि में जमा कर रहे पैसा


रामूचेट्टी।

तीन दिन से लापता मासूम का अब तक नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 7 साल की मासूम बच्ची के रहस्यमय ढंग से लापता होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। बच्ची को लापता हुए करीब 48 घंटे का वक्त हो चुका है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बच्ची की तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी हुई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए 20 अक्टूबर को एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने खुद पुलिस चौकी में कैंप कर जांच की कमान संभाल ली। वहीं बच्ची का पता लगाने के लिए शहर के प्रमुख थानों के प्रभारियों को भी तैनात किया गया है। समय बीतने के साथ ही बच्ची का कोई सुराग नहीं मिलने से पुलिस की चिंता बढ़ती जा रही है। मासूम बच्ची के रहस्यमय ढंग से लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। हालांकि, शुरुआती प्रयासों के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल सका। बताया जा रहा है कि घटना के करीब तीन बाद भी बच्ची का पता नहीं चलने पर एसपी सिद्धार्थ तिवारी रजगामार पुलिस चौकी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उनके निर्देश पर बच्ची की तलाश के लिए शहर के प्रमुख थानों के प्रभारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

खास बातें

- एसपी ने संभाली कमान, तलाश में पुलिस ने झोंकी पूरी ताकत

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

दुर्गम पहाड़ी मार्ग पार कर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से ग्रहण किया प्रसाद

चैतुरगढ़ में महानवमी पर शांति देवी मेमोरियल के तत्वावधान में भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्रि की महानवमी के पावन अवसर पर चैतुरगढ़ स्थित प्रसिद्ध मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर में शांति देवी मेमोरियल के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। घने पहाड़ी एवं वन क्षेत्र में स्थित मंदिर तक पहुंचने का मार्ग अत्यंत दुर्गम और कई स्थानों पर जोखिमपूर्ण होने के बावजूद हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए चैतुरगढ़ पहुंचे और भंडारे में श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल अपने परिवार के साथ, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मां महिषासुर मर्दिनी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। चैतुरगढ़ की भौगोलिक स्थिति और दुर्गम पहाड़ी मार्ग को देखते हुए इतने बड़े स्तर पर भंडारे का आयोजन अपने आप में सेवा और समर्पण का कार्य है। आयोजन स्थल तक खाद्य सामग्री, आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं पहुंचाना आसान नहीं होता। इसके बावजूद आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थित रूप से


मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालु।

भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसका लाभ हजारों श्रद्धालुओं ने उठाया। इस अवसर पर डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि नवरात्रि के दौरान माता के दरबार में सेवा करना स्वयं में सौभाग्य का विषय है। चैतुरगढ़ की पावन भूमि सदियों से श्रद्धा और आस्था का केंद्र रही है। दुर्गम परिस्थितियों के बीच श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था करना केवल आयोजन नहीं, बल्कि मां की सेवा और जनसेवा की भावना का प्रतीक है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि चैतुरगढ़ पहुंचना जितना कठिन है, यहां इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था करना उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य है। महानवमी के अवसर पर मां महिषासुर मर्दिनी के दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रेम, श्रद्धा और सेवा भाव से भोजन कराना हमारी धार्मिक एवं सामाजिक परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि माता के दरबार में ग्रहण किया गया प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि आस्था और सेवा का प्रसाद है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मां के दरबार में श्रद्धालुओं की सेवा करने का अवसर मिलना अत्यंत पुण्य का कार्य है। चैतुरगढ़ जैसे दुर्गम क्षेत्र में हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था करना आयोजकों के समर्पण और सेवाभाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि माता रानी सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें तथा क्षेत्र में आपसी प्रेम और भाईचारा सदैव बना रहे। भंडारे में शामिल श्रद्धालुओं ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कठिन और दुर्गम मार्ग से चैतुरगढ़ पहुंचने के बाद माता के दर्शन के साथ ही प्रेमपूर्वक उपलब्ध कराया गया भोग-प्रसाद उनके लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभव रहा। श्रद्धालुओं ने आयोजकों को आशीर्वाद देते हुए मां महिषासुर मर्दिनी से उनके सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की।

